बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं0सं0–9/आ०–05–06/2026(स्वा0) ..... /पटना, दिनांकः–.....

जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा के पत्रांक–3171 दिनांक–16.06.2026 द्वारा डॉ० निशा कुमारी (**कोटि क्रमांक–G4683/2025**) चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लहलादपुर, सारण, छपरा के विरूद्ध सिविल सर्जन, सारण के आदेशानुसार संस्थान के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का प्रभार डॉ० रजनी कुमारी, को नहीं सौपने, अपने को स्वंभू मानते हुए समानांतर कार्यालय संचालित कर NIOS ग्रामीण चिकित्सक हेतु परीक्षा का सचालन करने एवं परीक्षा के उपरान्त अंक निर्धारित कर पोर्टल पर प्रविष्टि करने के साथ ही सिविल सर्जन, सारण के औचक निरीक्षण में कर्त्तव्य पर अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया।

2. डॉ० निशा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लहलादपुर, सारण, छपरा के विरूद्ध कार्य में अनुशासनहीनता, कर्त्तव्यहीनता एवं लापरवाही बरतने, मनमाने ढंग से कार्य करने जैसे गंभीर आरोप में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) के अधीन निलंबित किया जाता है।

3. निलबन अवधि में डॉ० कुमारी का मुख्यालय, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. निलबन अवधि में डॉ० कुमारी को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ०–05–06/2026(स्वा0) ..... **/पटना, दिनांकः–**.....

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ०–05–06/2026(स्वा0) 1614(9B) **/पटना, दिनांकः–** 29.10.26

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी सारण, छपरा/क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवाऐं सारण प्रमंडल छपरा/सिविल सर्जन एवं कोषागार पदाधिकारी, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/सभी पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/10/2026

15

प्रतिलिपिः–डॉ० निशा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लहलादपुर, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लहलादपुर, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–Department PMU Lead/आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ओझा
29/10/2024
सरकार के अवर सचिव।